सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 321 इंदौर, बुधवार 31 मई, 2023 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. काम आया PM मोदी का ऑस्ट्रेलिया दौरा: खालिस्तान समर्थकों को सिडनी में झटका, रद्द किया गया आयोजन
2. US: 'PM मोदी को लगता है वे सब जानते हैं, वे भगवान को भी सिखा सकते हैं', अमेरिका से राहुल का सरकार पर कटाक्ष
3. दक्षिण चीन सागर में अमेरिकी विमान के पीछे पड़ा चीन का फाइटर जेट, डराने के लिए की ये हरकत
4. Politics: राउत ने फडणवीस को बताया राज्य का सबसे दुखी इंसान, कहा- उनकी हालत ऐसी जैसे कमिश्नर को हवलदार बना दिया
5. यूएन की रिपोर्ट में दावा: मौजूदा संकट कुछ भी नहीं, पाकिस्तान में आने वाले महीनों में और बढ़ेगी खाद्य असुरक्षा
6. दर्दनाक हादसा: बेकाबू स्कॉर्पियो ने स्कूटी में मारी टक्कर, बच्चों सहित घिसटते चले गए दंपती, चारों की मौत

# मुख्यमंत्री पद की दावेदारी को लेकर नरोत्तम ने कमल नाथ पर फिर कसा तंज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की ओर से आगामी विधानसभा चुनाव में सीएम पद की उम्मीदवारी को लेकर कमल नाथ पर एक बार फिर नरोत्तम मिश्रा ने तंज कसा है। मंगलवार सुबह मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान नरोत्तम ने कहा कि खुद को स्वयंभू भावी सीएम बताने वाले कमल नाथ को संकेत समझ जाना चाहिए और ये भी समझ लेना चाहिए कि उन्हें पार्टी की तरफ से नकार दिया गया है। दरअसल सोमवार को दिल्ली में हुई कांग्रेस की बैठक के बाद राहुल गांधी मीडियाकर्मियों द्वारा पूछे गए इस सवाल को टाल गए थे कि कांग्रेस की तरफ से मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा। नरोत्तम इसी के बारे में प्रतिक्रिया दे रहे थे।*



नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि 'कमल नाथ पर उनके नेता राहुल गांधी से सवाल किया गया तो उन्होंने ही टाल दिया, इसके बाद अब बचा क्या है। मैंने कल ही कहा था कि विस्फोटक बैठक रहने वाली है। और स्वयंभू जनरल आफ एटार्नी जो अपने आप को घोषित कर रहे थे, उनकी स्थिति कल देख ली होगी। सारे के सारे नेताओं ने उन्हें रिजेक्ट कर दिया है। जो नहीं थे, उनको भी जूम मीटिंग में जोड़ लिया। अब कमल नाथ अपने आप को कोई सा भी फेस बताते रहें, कोर ग्रुप की टीम ने और राष्ट्रीय नेतृत्व ने उन्हें नकार दिया है।'

नरोत्तम ने आगे कहा कि नकारें भी क्यों नहीं। उस समय के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को मध्य प्रदेश बुलवाकर दो लाख के कर्जमाफी का झूठ बुलवाया। जब कमल नाथ ने 'आइटम' कहा और राहुल गांधी ने माफी मांगने को कहा तो उन्होंने माफी नहीं मांगी। इसीलिए राहुल गांधी ने अब स्पष्ट संकेत दे किया है कि ये फेस नहीं होंगे।

### कांग्रेस की असलियत जनता जान चुकी है

कांग्रेस के हर जगह सुंदरकांड का पाठ करने को लेकर नरोत्तम ने कहा कि इसमें कोई बुराई नहीं है। धार्मिक आयोजन है। लेकिन सुंदरकांड के पाठ से पहले उन्हें (कांग्रेस) यह जरूर बताना चाहिए कि उनके नेता राहुल गांधी ने जो बयान दिया था कि मंदिरों में लोग महिलाओं को छेड़ने जाते हैं, उससे वो सहमत हैं या असहमत। उनको ये बताना चाहिए कि भगवा को आतंकवाद कहने वाले बयान से कांग्रेस के लोग सहमत हैं या नहीं। हिंदू और हिंदुत्व को अलग बताने वाले कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत हैं या नहीं हैं। चुनाव के समय जो आप धार्मिक आयोजनों की दुकान खोलते हैं और आपको धर्म याद आने लगता है, यह आपकी तुष्टीकरण की राजनीति पूरा देश देख रहा है।

# वन्य प्राणियों के लिए नेशनल हाईवे पर बनेंगे नौ अंडर पास

**भोपाल। मध्य प्रदेश में वन्य प्राणियों के आवागमन के लिए नेशनल हाईवे पर नौ अंडर पास बनाए जाएंगे। सतपुड़ा मेलघाट टाइगर कारिडोर में फोरलेन पर अंडर पास का निर्माण होगा। हाईवे के नीचे से वन्यप्राणी आ-जा सकेंगे। इसके अलावा एक उच्च स्तरीय पुल का निर्माण भी किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी है।**

अब इसे अंतिम अनुमति के लिए केंद्र सरकार के नेशनल वाइल्ड लाइफ बोर्ड को भेजा जाएगा। भारतमाला परियोजना इकानामिक कारिडोर फेस-वन के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक - 47 के हरदा बैतूल सेक्शन में तिमागांव से चिचौली तक फोरलेन चौड़ीकरण किया जाना है। इसके लिए 98.2 हेक्टेयर वनभूमि में से सतपुड़ा मेलघाट टाइगर कारिडोर



के अंतर्गत नर्मदापुरम वनमंडल की 6.117 हेक्टेयर एवं पश्चिम बैतूल वनमंडल की 8.458 हेक्टेयर भूमि उपयोग की जाएगी।

### दो हजार 842 पेड़ काटे जाएंगे, 86 करोड़ रुपये से होगा निर्माण

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत सतपुड़ा मेलघाट टाइगर कारिडोर में फोरलेन नेशनल हाईवे का निर्माण कराने के लिए दो हजार 842 पेड़ काटे जाएंगे। इस परियोजना की कुल लागत 86 करोड़ रुपये है। राज्य शासन की शर्त के अनुसार संरक्षित वन क्षेत्र में परियोजना लागत की दो प्रतिशत की राशि मध्य प्रदेश टाइगर फाउंडेशन सोसायटी के खाते में वन्यप्राणी कारिडोर के विकास के लिए जमा करनी होगी। नियम अनुसार नेट प्रेजेंट वैल्यू का भुगतान करना होगा और यह भी ध्यान रखना होगा कि निर्माण कार्य के दौरान वन एवं वन्यप्राणियों को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया जाएगा।

# कटौती से गुस्साए लोग बिजली कंपनी के दफ्तर पहुंचे

## यहां कर्मचारियों ने खुद सुना दी पीड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। रविवार रात चली तेज हवा के चलते शहरभर में पेड़ गिरने की खबरें आई थी। शहर के बड़े हिस्से में बिजली गुल हुई थी और पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने सोमवार सुबह तक सुधार पूरा करने का दावा भी किया था। हालांकि, दावे की पोल लोगों के गुस्से ने खोल दी। विजय नगर, अरण्य नगर, स्कीम 78 से जुड़े आसपास के हिस्से में सोमवार को दिनभर बिजली गुल होती रही। नंदानगर, मालवा मिल और बजरंग नगर, रेसकोर्स, रुस्तम का बगीचा क्षेत्र में रात को दोबारा बिजली गुल हो गई। इसके बाद भड़के रहवासियों ने आधी रात को बिजली कंपनी का जोन दफ्तर ही घेर लिया। वहां बिजली कर्मचारियों ने खुद अपनी पीड़ा सुना दी।**

सोमवार आधी रात को क्षेत्रीय रहवासी बिजली कंपनी के दफ्तर पहुंचे। रुस्तम का बगीचा, नंदानगर, बजरंग नगर, रेसकोर्स रोड, मालवा मिल जोन पर रहवासियों ने बार-बार बिजली जाने और सुनवाई नहीं होने की शिकायत की। इस बीच कुछ रहवासियों ने वहां मौजूद कर्मचारियों पर आक्रोशित होकर धक्कामुक्की की कोशिश भी की। मौके पर पुलिस भी पहुंची।

### कर्मचारियों ने खुद सुना दी पीड़ा

जोन के कर्मचारियों ने कहा कि जोन स्तर का सुधार कार्य हो चुका है। बड़ी लाइन का सुधार और रखरखाव हाईटेंशन (एचटी) सेक्शन के जिम्मे होता है। वहीं से आपूर्ति बंद है। इस पर कुछ रहवासियों ने एचटी के अधिकारियों को फोन लगाया। हालांकि, उन्होंने सुधार करने से इनकार कर दिया। इस बीच कुछ कर्मचारियों ने रहवासियों के सामने ही पीड़ा बता दी कि कंपनी से पर्याप्त मात्रा में सुधार के लिए पुर्जे जैसे कटआउट, केबल, फ्यूज आदि नहीं मिल रहे। ऐसे में वे कर्मचारी सुधार भी अपने बूते पर जुगाड़ से कर रहे हैं।

### बदलाव पड़ रहा भारी

बिजली कंपनी ने बीते दिनों शहर में एचटी के इंजीनियरों को इधर-उधर कर दिया। ऐन मानसून के पहले और मेंटेनेंस के चरण में हुए बदलाव का असर यह हुआ कि क्षेत्र की स्थिति और लाइनों से अपरिचित इंजीनियर न तो फाल्ट समझ पा रहे हैं न समय पर ठीक करवा पा रहे हैं। सबकुछ लाइन कर्मचारियों के भरोसे हैं। ऐसे में जोन की एलटी टीम को भी एचटी टीम का काम करना पड़ रहा है। नतीजा सुधार कार्य में देरी हो रही है। सोमवार रात फिर ऐसी ही स्थिति बनी। एचटी ने सुधार से इनकार किया तो जोन पर एलटी की टीम मैदान में दौड़ी। रात दो बजे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी।

# 2 जून को होने वाली स्नातक पाठ्यक्रम की सभी परीक्षाएं स्थगित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कर्मचारियों की हड़ताल ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की चिंताएं बढ़ा रखी हैं। 27 से 31 मई तक पहले ही स्नातक की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई थीं। अब अधिकारियों को लग रहा है कि कर्मचारी जल्द ही काम पर नहीं लौटे तो जून में होने वाले पेपर भी आगे बढ़ाना पड़ सकते हैं। इसे लेकर विश्वविद्यालय ने 2 जून को होने वाली सारी परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। शेष पाठ्यक्रम की परीक्षाओं को लेकर बुधवार को कुलपति ने बैठक रखी है।

उधर, शासन स्तर पर कर्मचारियों को समझाने का प्रयास चल रहा है। 15 दिनों से प्रदेशभर के विश्वविद्यालयों में कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करने में लगे हैं। बीते सप्ताह से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने आधे दिन काम बंद रखा है। 2 जून से कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय ने परीक्षा को लेकर बुधवार को आपात बैठक रखी है। वैसे पहले ही 27 से 31 मई के बीच होने वाले बीए, बीकाम और बीएससी फर्स्ट ईयर के तीन-तीन पेपर स्थगित कर दिए गए थे। अब इन पाठ्यक्रम के 2 जून को होने वाले सारे पेपर आगे बढ़ाए हैं। ऐसे में अब एलएलबी-बीएएलएलबी के विभिन्न सेमेस्टर की परीक्षा का शेड्यूल को रोक दिया है।

### ओल्ड कोर्स की परीक्षा में कोई बदलाव नहीं

परीक्षा को स्थगित करना इसलिए पड़ रहा है, क्योंकि विश्वविद्यालय को परीक्षा से जुड़ी सामग्री व पेपर और उत्तरपुस्तिकाएं केंद्रों तक पहुंचना होती है। यह काम विश्वविद्यालय में नियमित कर्मचारी को दिया जाता है। दैनिक वेतनभोगी और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को इन कामों में शामिल नहीं करते हैं। परीक्षा विभाग के सहायक कुलसचिव डा. विष्णु मिश्रा का कहना है कि हड़ताल की वजह से अभी सिर्फ 2 जून की परीक्षा स्थगित की गई है। वहीं बीकाम, बीए, बीएससी (ओल्ड कोर्स) सेकंड ईयर की परीक्षा में कोई फेरबदल नहीं किया है।

# युवक के हत्यारे को उम्रकैद

## परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर सुनाई सजा

**इंदौर।** लगभग 11 वर्ष पहले चाकू से गोदकर युवक की हत्या करने वाले हत्यारे को इंदौर सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई है। हत्यारे पर 11 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारा शव कमरे में रखकर दरवाजा बंद कर भाग निकला था।

वारदात 4 अगस्त 2012 दोपहर करीब 12.30 बजे की है। अन्नपूर्णा थाना पुलिस को अनीस ठाकुर की मंगेतर ने सूचना दी थी कि उसके मंगेतर के फ्लैट का दरवाजा बाहर से बंद है और फ्लैट के दरवाजे पर खून के निशान नजर आ रहे हैं। फ्लैट के भीतर पंखा चलने की आवाज आ रही है। पुलिस फ्लैट का ताला तोड़कर भीतर पहुंची। वहां अनीस ठाकुर मृत हालत में पड़ा था। पुलिस को मौके से खून लगे हाथ के चार दस्ताने और खटकेदार चाकू मिला।

**आखिरी बार हत्यारे के साथ देखा था युवक को-** युवक के गले और पेट पर चाकू के गहरी चोट के निशान थे। कमरे की दीवार पर खून के छींटे मौजूद थे और फर्श पर खून फैला हुआ था। पहली नजर में आभास हो रहा था कि किसी ने फ्लैट में घुसकर हत्या की और ताला लगाकर भाग गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और अंकुर नामक युवक को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। जांच में यह बात भी सामने आई कि अनीस अंतिम बार अंकुर के साथ ही देखा गया था। पुलिस ने आरोपित के पास से मृतक का एटीएम कार्ड और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए थे।

### हत्यारे पर अर्थदंड भी लगाया

जिला अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सत्र न्यायालय ने प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए हत्यारे अंकुर को आजीवन कारावास और 11 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया। अभियोजन की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक शोभा दशोरे ने की।

# कंटेनर से ले उड़े दवाई के कार्टून

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक वीडियो जमकर वायरल हुआ जिसमें बदमाश द्वारा चलते ट्रक में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। ट्रक में रखे सामान को बदमाश रोड पर फेंकता रहा और पीछे चल रहे साथी उठाते रहे। ऐसा ही एक मामला तेजाजी नगर पुलिस ने दर्ज किया। फरियादी कमल पिता रामसिंह सावले ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि खंडवा रोड स्थित सिंह गोल्डन पेट्रोल पम्प के समीप कोई अज्ञात बदमाश कंटेनर का ताला और सील तोडकर दवाई के ३३ कार्टून चोरी करके ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# शहर में पहली बार रोबोट से गेस्ट का वेलकम

## सातवीं से नौवीं के बच्चों ने तैयार किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर गौरव उत्सव के उपलक्ष्य में स्टार्टअप एण्ड आईटी कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पहली बार रोबोट ने फूलों से अतिथियों का स्वागत किया। आईडीए द्वारा मंगलवार को यह कार्यक्रम ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया।

बच्चों ने यह रोबोट स्टंट टेक्नोलॉजी एआई से बनाया है जो ऑटोमैटिक काम करता है। इसमें मैकेनिकल पार्ट, इलेक्ट्रॉनिक व कोडिंग तीनों हैं। ये सभी काम 7वीं से 9वीं तक के बच्चों ने तैयार किया है। बच्चों ने यह रोबोट स्टंट टेक्नोलॉजी एआई से बनाया है जो ऑटोमैटिक काम करता है। कंपनी फॉउण्डर व सीईओ मुदित ठक्कर ने बताया कि यंगगोवेटर ने 50 से ज्यादा रोबोट अलग-अलग कंपनियों के लिए बनाए हैं। बच्चों ने यह रोबोट स्टंट टेक्नोलॉजी एआई से बनाया है जो ऑटोमैटिक काम करता है। इसमें मैकेनिकल पार्ट, इलेक्ट्रॉनिक व कोडिंग तीनों हैं। कंपनी अब तक 22 हजार से ज्यादा बच्चों को रोबोट बनाने के की ट्रेनिंग दे चुकी है।

संभवतः यह पहला मौका है कि जब किसी स्टार्टअप्स कॉन्क्लेव में बच्चों द्वारा बनाए गए रोबोट ने पूरे समय सर्व किया। यह देख अतिथिगण ही नहीं हॉल में मौजूद लोग भी गदगद हो गए और हॉल तालियों से गूंज उठा। यह सर्विंग रोबोट इंदौर के यंग गोवेटर कंपनी के निर्देशन में इंदौर के 7वीं, 8वीं व 9वीं के स्कूली बच्चों ने बनाया है।

खास बात यह कि कॉन्क्लेव की शुरूआत में ही स्कूली बच्चों की प्रतिभाओं का प्रदर्शन देखने को लगा। स्टेज पर जब अतिथि सांसद शंकर लालवानी, मंत्री उषा ठाकुर, आईडीए अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा थे तो इस दौरान उनके स्वागत के दौरान बच्चों द्वारा बनाए गए सर्विंग रोबोट ने अतिथियों के लिए बुके सर्व किए और उनका स्वागत हुआ।

ये तीनों भी बच्चों ने ही बनाए हैं। कॉन्क्लेव में शुरू में अतिथियों का संबोधन हुआ। कॉन्क्लेव में महिलाएं स्टार्टअप्स भी शामिल थी जिनका एक सेशन रखा गया था। इसके अलावा अन्य वर्क शॉप भी हुई। दिल्ली से आए अतिथियों ने स्टार्टअप्स को सम्मानित किया।

सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि पिछले बार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्टार्टअप पॉलिसी लॉन्च की थी जिसके बाद इंदौर सहित मप्र के स्टार्टअप्स नए-नए आयाम दे रहे हैं। उन्हें और आईटी प्रोफेशनल्स को आगे कैसे बढ़ाया जाए इसके लिए यह कॉन्क्लेव आयोजित किया गया है।

इस दिशा में इंदौर तेजी से आगे बढ़ रहा है और केंद्र ने इंदौर में तीसरे आईटी पार्क के लिए 100 करोड़ रु. की राशि दी है। इंदौर जल्द ही इस क्षेत्र में नंबर वन होगा। आईडीए अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने इस पूरे कॉन्क्लेव की जानकारी दी।

## कटाक्ष



ⓒ www.detectivegroupreport.com

# इंदौरी परिवार के लंच पैकेट में निकला मरा कॉकरोच

## ट्रेन में किया था ऑर्डर, वेंडर रुपए लौटाने की बजाय शिकायत वापस लेने का कहता रहा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सोमनाथ के दर्शन कर इंदौर लौट रहे एक परिवार ने ट्रेन में लंच बॉक्स मंगाया तो चौंक गए। लंच बॉक्स की दाल में मरा हुआ कॉकरोच निकला। इस पर परिवार ने शिकायत की तो वेंडर ने तीन बंद लंच बॉक्स तो वापस ले लिए, लेकिन जिस बॉक्स में कॉकरोच निकला था, उसका पेमेंट लौटाने से इनकार कर दिया। इसे लेकर बहस हुई तो परिवार ने कफउळउ को शिकायत की। लम्बी बहस के बाद मैनेजर ने पहले शिकायत वापस लेने को कहा। बाद में मैनेजर ने रुपए लौटाए और शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाता रहा। परिवार ने शिकायत के समाधान के लिए मैसेज किया तो न रैफरेंस नंबर आया और न ही कोई कर्मचारी वापस आया। 5 घंटे बाद परिवार ने ट्रेन में ही अन्य जगह से ऑन लाइन ऑर्डर कर भोजन मंगाया।**

मामला इंदौर निवासी शिवनाथ सिंह का है। पिछले हफ्ते वे पत्नी रिंकी व 3 वर्ष की बेटी मिष्टी के साथ सोमनाथ सहित अन्य स्थानों पर घूमने गए थे। उनके साथ उनके दोस्त हेमंत वर्मा, उनकी पत्नी चिंकी और बेटी अनन्या भी थी। सोमवार को वे वेरावल (सोमनाथ) स्टेशन से जबलपुर ट्रेन से इंदौर के लिए रवाना हुए।

इस दौरान उन्होंने अहमदाबाद तक की बुकिंग कराई थी। सुबह 10 बजे ट्रेन में कफउळउ का वेंडर ऑर्डर लेने आया तो उन्होंने 140 रु प्रति लंच बॉक्स के हिसाब से चार लंच बॉक्स का पेमेंट कर उसे ऑर्डर दिया।

करीब दो घंटे बाद जूनागढ़ स्टेशन के आगे उनका लंच आया। इस पर उन्होंने उसे खोला तो चौंक गए। बॉक्स में रखी दाल में मरा हुआ कॉकरोच था। इस पर उन्होंने वेंडर को शिकायत की तो उसने मानने से इनकार कर दिया और पेमेंट भी लौटाने से मना कर दिया।

शिवनाथ सिंह ने कहा कि भोजन एक ही स्थान पर बना होगा तो ऐसे में अन्य लोग बीमार हो जाएंगे लेकिन वेंडर अपनी बात पर अड़ा रहा इस पर उन्होंने उसका वीडियो बनाया और ह्यरेल मददह्ल वेबसाइट पर शिकायत की।

करीब दो घंटे बाद मैनेजर आया और पूरा मामला समझा। उसने कहा कि ठीक है हम पेमेंट लौटा देते हैं, लेकिन इसके पहले आप शिकायत वापस ले लो। लम्बी बहस के बाद मैनेजर ने पेमेंट वापस किया तो शिवनाथ सिंह ने 139 पर अपनी शिकायत रिसॉल्व को लेकर मैसेज किया, लेकिन उसका रैफरेंस नंबर नहीं आया।

आधे घंटे बाद मैनेजर ने एक अन्य नंबर पर शिकायत रिसॉल्व का मैसेज करने को कहा। शिवनाथ सिंह ने इस नंबर पर भी मैसेज किया तो कोई रैफरेंस नहीं आया। ढाई बजे मैनेजर ने आश्वस्त किया कि नंबर जरूर आएगा और चला गया लेकिन नंबर नहीं आया।

बाद में दोनों परिवारों ने फूड एंड ट्रेड पर ऑर्डर देकर ऑन लाइन भोजन मंगाया। परिवार के मुताबिक चूंकि पहले ही लंच बॉक्स में मरा हुआ कॉकरोच निकला था इसलिए उन्होंने बाकी तीन बॉक्स को बिना खोले ही लौटा दिया।



आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

# बादलों से बढ़ी उमस, ग्वालियर में बारिश के साथ गिरे ओले

## भोपाल, जबलपुर, इंदौर, सागर में भी बौछारें पड़ने के आसार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्रों में बादल बने हुए हैं। साथ ही रुक-रुककर वर्षा भी हो रही है। इस वजह से नौतपा में गर्मी के तेवर ठंडे बने हुए हैं। इसी क्रम में नौतपा के छठवें दिन और पिछले 24 घंटों के दौरान मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सिवनी में 2.4, सतना में 0.4, गुना में 0.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक वर्तमान में अलग-अलग स्थानों पर चार मौसम प्रणालियां बनी हुई हैं। इस वजह से बादल बने हुए हैं। साथ ही वर्षा भी हो रही है। मंगलवार-बुधवार को भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर, सागर, चंबल संभाग में कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। मंगलवार दोपहर ग्वालियर जिले में आंधी-बारिश के साथ ओले भी गिरे।



मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक वर्तमान में उत्तरी पाकिस्तान पर एक पश्चिमी विक्षोभ हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। पूर्वी मध्य प्रदेश पर हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर झारखंड होते हुए बिहार तक एक द्रोणिका लाइन बनी हुई है। इसके अतिरिक्त दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है।

मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि इन चार मौसम प्रणालियों के अलावा वर्तमान में हवा का रुख पूर्वी बना हुआ है। इस वजह से वातावरण में नमी आ रही है। जिसके चलते प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल बने हुए हैं। साथ ही रुक-रुककर हल्की वर्षा हो रही है। मौसम का इस तरह का मिजाज एक-दो दिन तक बना रह सकता है। राजधानी में भी सुबह से बादल बने हुए हैं। इस वजह से उमस बढ़ गई है। दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के पार जाने की संभावना है। साथ ही दोपहर के बाद गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा भी हो सकती है।

# ओंकारेश्वर में तीन घाटों से नाव संचालन पर प्रतिबंध हटाने की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा**। तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में नर्मदा स्नान के दौरान होने वाले हादसों और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन द्वारा तीन खतरनाक घाटों पर स्नान और नाव संचालन प्रतिबंधित करने से नाविक व इन घाटों पर व्यवसाय करने वालों के समक्ष रोजगार की समस्या खड़ी हो गई है। इसे लेकर नाविक संघ का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को मांधात विधायक नारायण पटेल के साथ कलेक्टर से मिला।

### नाव पलटने से हो गई थी दो लोगों की मौत

नाविकों ने इन घाटों पर स्नान प्रतिबंधित कर नाव संचालन जारी रखने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में गुजरात के परिवार की नाव पलटने से दो सदस्यों की मौत हो गई थी। इस जांच उपरांत प्रशासन द्वारा भविष्य में इस प्रकार के हादसों को रोकने के लिए प्रतिबंधात्मक कदम उठाया है। उधर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अमिताभ मंडलोई ने भी एक साथ तीन घाटों पर स्नान और नाव संचालन पर प्रतिबंधित करने को अव्यावहारिक बताते हुए प्रशासन से पुनर्विचार की मांग की है।

### ओंकारेश्वर में 250 पंजीकृत नाव है

उन्होंने कहा-इन तीनों घाटों पर तीन सौ से अधिक लोग फूल-प्रसादी सहित दुकानें लगाकर जीविका चलाते है। प्रशासन को यात्रियों की सुरक्षा के साथ उनके रोजगार का भी ख्याल रखना चाहिए। नाविक संघ अध्यक्ष भोलाराम केवट ने कहा कि ओंकारेश्वर में 250 से अधिक पंजीकृत नाव है। एक ही घाट से सभी नावों का संचालन संभव नहीं है। प्रशासन स्नान के दौरान डूबने से होने वाली मौतों को देखते हुए स्नान प्रतिबंधित कर दे लेकिन नाव का संचालन जारी रखने की अनुमति दें। हम पूरी सुरक्षा और सावधानी से नाव का संचालन करेंगे। कलेक्टर से हमें आश्वासन मिला है।

# महाकाल लोक की मूर्तियां टूटने पर कांग्रेस विधायक ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। तेज आंधी तूफान के कारण महाकाल लोक में मूर्तियों के टूटने को लेकर विधायक महेश परमार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखा है। इसमें महाकाल लोक निर्माण के दौरान हुए भ्रष्टाचार की जांच करने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।**

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता विवेक गुप्ता ने बताया कि विधायक महेश परमार ने पत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री को बताया कि लोकार्पण के मात्र 7 माह में ही महाकाल लोक कारिडोर में स्थापित सप्त ऋषि की मूर्तियां आंधी में टूट गई। मूर्तियां खंडित होने के बाद मामला सामने आया कि मूर्ति बहुत ही मामूली एफआरपी (फायबर मटेरियल) की थी, जबकि धातु / पाषाण की मूर्तियां लगनी थी।

क्षतिग्रस्त मूर्तियों को पेडस्टल भी ठीक से फिक्स नहीं किया गया था। मूर्तियों की कीमत 4-5 लाख रुपये का आकलन सामने आया है, जबकि मूर्तियों की खरीद 30-35 लाख प्रत्येक में हुई है। पत्र के माध्यम प्रधानमंत्री से मांग की कि महाकाल लोक में हुए भ्रष्टाचार की जांच कर, दोषियों को दंडित किया जाए।

# नागदा से गिरफ्तार ठग ने कई राज्यों में बांटे थे सरकारी और मल्टीनेशनल कंपनी के नकली अपाइंटमेंट लेटर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नागदा। नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपित कुलदीप ने शहर, बैतूल, पंजाब व उत्तराखंड में भी लोगों के साथ ठगी को लेकर शिकायत हुई है। जानकारी लगते ही और भी कई शिकार हुए लोग शिकायत करने आ सकते हैं। रविवार को पंजाब के तेजसिंह व उत्तराखंड के जितेंद्र राणा की शिकायत पर बिड़लाग्राम पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।**

### नौकरी लगाने के नाम पर लिए 2.50 लाख रुपये

बेरोजगार युवाओं को मल्टी नेशनल व शासकीय विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेकर उन्हें नकली नियुक्ति पत्र देने के आरोप में सोनू पुत्र नेमीचंद मीणा निवासी गर्वमेंट कालोनी ने बिड़लाग्राम पुलिस ने 11 सितंबर 2022 को शिकायत की थी कि आरोपित कुलदीपसिंह पुत्र महेंद्रसिंह निवासी जीवाजी नगर उम्र 31 वर्ष ने मल्टी नेशनल कंपनी में नौकरी लगाने के लिए 2 लाख 50 हजार रुपये लेकर नकली नियुक्ति पत्र भी दे दिया। इसकी शिकायत बिड़लाग्राम पुलिस थाने में हुई थी।

### बैतूल ले गई पुलिस

8 माह बाद आरोपित कुलदीप ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। 5 दिन के रिमांड के बाद एक और साथी आत्माराम के शामिल होने पर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। आरोपित के गिरफ्तार होने पर बैतूल पुलिस ने भी शहर में आकर जानकारी ली थी। वहां भी आरोपित के खिलाफ प्रकरण दर्ज है। सोमवार को बैतूल पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर आरोपित कुलदीपसिंह को बैतूल ले गई।

रविवार को तेजसिंह पुत्र शमशेरसिंह निवासी रूपनगर पंजाब व जितेंद्रसिंह राणा, अंतरसिंह राणा, तहसील कलसी जिला देहरादून उत्तराखंड ने भी बिड़लाग्राम पुलिस में आरोपित के खिलाफ शिकायत की। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। दोनों आरोपितों को जेल भेजा गया। जांच के दौरान और भी लोग शामिल होने की संभावना पुलिस अभी भी बता रही है।

# डिंडौरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाए गए वीरेंद्र बिहारी शुक्ला के स्वजन ने सरकार से मांगी सुरक्षा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। डिंडौरी जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद से हटाए गए वीरेंद्र बिहारी शुक्ला ने सरकार से सुरक्षा की मांग की है। उन्होंने पार्टी के इंटरनेट मीडिया विभाग पर उनकी चरित्र हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुझे और मेरे परिवार की सुरक्षा को खतरा है।**



उन्होंने सुबह गृह मंत्री डा.नरोत्तम मिश्रा से शुक्ला ने बात की और देर शाम उनके पिता ब्रज बिहारी शुक्ला और पत्नी मनीषा शुक्ला बच्चों को लेकर भोपाल पहुंचे और कांग्रेस के मीडिया विभाग के कार्यकर्ताओं के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की। उधर, मध्य प्रदेश कांग्रेस ने इसे पार्टी नेताओं को बदनाम करने का भाजपा का षड्यंत्र बताया।

मध्य प्रदेश कांग्रेस ने पिछले दिनों डिंडौरी, आलीराजपुर और विदिशा के जिला अध्यक्ष बदले थे। डिंडौरी जिला अध्यक्ष पद से हटाए गए वीरेंद्र बिहारी शुक्ला ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ पर पार्टी को कंपनी की तरह चलाने का आरोप लगाया था।

इसे अनुशासनहीनता बताकर उन्हें छह वर्ष के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। मंगलवार को शुक्ला ने गृह मंत्री को फोन पर बताया कि मेरी चरित्र हत्या की जा रही है। यह प्रचारित किया जा रहा है कि मुझे अप्रैल-मई में भोपाल में पुलिस ने पकड़ा था। ये बड़े लोग हैं, कुछ भी कर सकते हैं।

देर शाम शुक्ला के पिता और पत्नी बच्चों के साथ गृह मंत्री के आवास पहुंचे और कांग्रेस के सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष अभय तिवारी सहित अन्य के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने का आवेदन दिया।

मनीषा शुक्ला ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाए और मीडिया विभाग के प्रमुख अभय तिवारी को गिरफ्तार किया जाए।

मध्य प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने इस घटनाक्रम पर कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ कार्यकर्ताओं का विश्वास जीत नहीं पा रहे हैं, जनता का कैसे जीतेंगे। यह शर्म का विषय है कि एक जिला अध्यक्ष रहा व्यक्ति पार्टी नेताओं से अपनी और परिवार की सुरक्षा के लिए गृह मंत्री से गुहार लगाए।

उधर, कांग्रेस के मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता ने इसे भाजपा का षड्यंत्र बताते हुए कहा कि मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं पर जनता समझदार है।

# कैप्सूल व टेबलेट की पूरी स्ट्रिप खरीदने की विवशता से मिलेगी मुक्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। कैप्सूल व टेबलेट की पूरी स्ट्रिप खरीदने की विवशता से मुक्ति मिलेगी। इस दिशा में ठोस प्रयास जारी है। दरअसल कोई दवा खरीदते वक्त कैप्सूल या टेबलेट की स्ट्रिप में कुछ ही जगह पर बैच नंबर, एक्सपायरी और एमआरपी आदि की जानकारी लिखी होती है। लिहाजा, पूरी स्ट्रिप न ली जाए तो यह जानकारी कई बार उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंच पाती है। कई मामलों में ग्राहक को न चाहते हुए भी पूरी स्ट्रिप खरीदनी पड़ती है। शीघ्र ही उपभोक्ताओं को इस समस्या से मुक्ति मिलने वाली है। सरकार प्रत्येक टेबलेट अथवा कैप्सूल के उपर बैच नंबर, एक्सपायरी और एमआरपी की जानकारी देने की योजना पर काम कर रही है। ऐसे में ग्राहक जरूरत के मुताबिक टेबलेट या कैप्सूल खरीद सकेगा। सरकार की इस योजना का स्वागत जबलपुर केमिस्ट एसोसिएशन ने किया है। एसोसिएशन के सचिव डा. चंद्रेश जैन ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से इस मांग को लंबे वक्त से सरकार के समक्ष रखा जा रहा था, जोकि अब पूरी हो रही है। ऐसा होने से उपभोक्ता के द्वारा चार टेबलेट खरीदे जाने पर भी पूरी जानकारी उपलब्ध रहेगा। वहीं उपयोग न होने की स्थिति में दवा की एक्सपायरी के बाद दवा को कंपनी में वापिस करने और दुकान से अलग करने में भी सुविधाजनक होगा।

MORARI BAPU



साधु कौन? जिसका समग्र जीवन सादगी से भरा हो वो साधु। गुजराती में कहुं तो - "जेनुं सादु जीवन"ऐनु नाम साधु। और लंबी चौड़ी कोई व्याख्या नहीं।

(Manas Sadhu Charit)

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## व्यक्तित्व विशेष

### पूर्णसिंह



(जन्म- 17 फ़रवरी, 1881, एबटाबाद; मृत्यु- 31 मई, 1931, देहरादून) भारत के विशिष्ठ निबंधकारों में से एक थे। ये देशभक्त, शिक्षाविद, अध्यापक, वैज्ञानिक एवं लेखक भी थे। इसके साथ ही वे पंजाबी के जाने माने कवि भी थे। आधुनिक पंजाबी काव्य के संस्थापकों में पूर्णसिंह की गणना होती है। पूर्णसिंह का जन्म 17 फ़रवरी सन 1881 को पश्चिम सीमाप्रांत (अब पाकिस्तान में) के हज़ारा ज़िले के मुख्य नगर एबटाबाद के समीप सलहद ग्राम में हुआ था। इनके पिता सरदार करतार सिंह भागर सरकारी कर्मचारी थे। उनके पूर्वपुरुष ज़िला रावलपिंडी की कहूटा तहसील के ग्राम डेरा खालसा में रहते थे। रावलपिंडी ज़िले का यह भाग पोठोहार कहलाता है और अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिये आज भी प्रसिद्ध है। पूर्णसिंह अपने माता-पिता के ज्येष्ठ पुत्र थे।

## संपादकीय

### लक्षित हिंसा की घटनाएं

भारत की ओर से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार सवाल उठाए जाने और इस ओर दुनिया के अहम देशों का ध्यान जाने के बावजूद पाकिस्तान को शायद कोई फर्क नहीं पड़ता। जबकि अब यह सिद्ध भी हो चुका है कि पाकिस्तान स्थित ठिकानों से आतंकवादी गतिविधियां संचालित करने वाले संगठन भारत में सुरक्षा बलों से लेकर आम लोगों के खिलाफ आतंकी वारदात को अंजाम देते रहते हैं। जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने सोमवार की रात को फिर एक मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी। यह इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। बीते एक-दो सालों से जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों ने लक्षित हमले करके या तो किसी कश्मीरी पंडित को मार डाला या फिर किसी प्रवासी मजदूर को। सवाल है कि सुरक्षा व्यवस्था के मोर्चे पर हर स्तर पर मजबूत होने का दावा करने के बावजूद जम्मू-कश्मीर में लक्षित हिंसा की घटनाएं थम क्यों नहीं रहीं! गौरतलब है कि आतंकियों के इस हमले में जान गंवाने वाला मजदूर जिस सर्कस में काम करता था, उसे अलग से सुरक्षा उपलब्ध कराई गई थी। हालांकि सर्कस से जुड़े लोगों के पास अपनी सुरक्षा भी थी। इसके बावजूद आतंकियों ने लक्ष्य करके बाजार से खरीदारी करते उस मजदूर को मार डाला। ऐसा लगता है कि इस तरह लक्षित हमलों के जरिए आतंकियों का मकसद अपनी गतिविधियों की ओर सबका ध्यान खींचना और सामुदायिक पहचान के आधार पर खौफ पैदा करना है। यों तो आतंकवाद में विश्वास करने वाले किसी भी व्यक्ति या समूह से मानवीयता या सिद्धांत की उम्मीद करना ही अपने आप में बेमानी है, लेकिन खुद आतंकवादी संगठन दुनिया के सामने खुद को सही ठहराने के लिए जो बातें परोसते और सरकारी तौर-तरीकों के गलत होने का आरोप लगाते हैं, उन कसौटियों पर वे खुद ही बहुत निचले स्तर पर जाकर भी अमानवीय हरकतें करने से नहीं हिचकते। आखिर किसी सर्कस में काम करने वाले मजदूर ने किसका क्या बिगाड़ा था? सच यह है कि आतंकवादी संगठन जिनके इशारों पर अपनी गतिविधियां चलाते हैं, उनका अकेला उद्देश्य भारत में अस्थिरता पैदा करना रहा है। लक्षित हमले करके अब वे लोगों के बीच अपनी मौजूदगी का खौफ कायम रखना चाहते हैं। यह जगजाहिर तथ्य है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले और हत्याएं करने वाले संगठनों के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं।

### अर्ज किया है..!

*वह पथ क्या, पथिक कुशलता क्या,*
*जिस पथ पर बिखरे शूल न हों।*
*नाविक की धैर्य परीक्षा क्या,*
*यदि धाराएँ प्रतिकूल न हों।*

-जयशंकर प्रसाद

## ज्ञान-विज्ञान

# क्यों साक्षी का कत्ल देखते रहे लोग

# क्या है 'बाईस्टैंडर इफेक्ट' जो भीड़ को डरपोक बना देता है?

दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में साक्षी नाम की नाबालिग लड़की की नृशंस हत्या कर दी गई. वारदात को अंजाम देने वाले लड़के का नाम साहिल है. जिसे दिल्ली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार कर लिया है. बताया जा रहा है कि साहिल से लड़की की कहासुनी हो गई थी. इसी पर वो इतना भड़का कि लड़की पर चाकू और पत्थर से ताबड़तोड़ वार किए. हैरानी वाली बात ये है कि वो लड़की को चाकू से गोद रहा था, मगर किसी ने भी उसे रोकने को कोशिश नहीं की. मनोविज्ञान में इसे बाईस्टैंडर इफेक्ट कहते हैं.



### अकेला इंसान होता है ज्यादा मददगार

साइकोलॉजी की ये थ्योरी कहती है कि जब भी भीड़ कोई हादसा या कत्ल या हमला होते हुए देखती है तो मदद की संभावना कम हो जाती है. वहीं अगर अकेला इंसान किसी को मुसीबत में देखे तो चांसेज हैं कि वो पीड़ित की मदद करेगा. ऐसा हम नहीं, लैब में हुए प्रयोग कह रहे हैं.

### 40 लोग युवती का रेप और मर्डर देखते रहे

इसे समझने की पहल 1964 में एक बर्बर घटना के बाद हुई. उस साल मार्च में अमेरिकी लड़की किटी गेनोवीज अपने काम से लौट रही थी. अपार्टमेंट पहुंचने तक सब ठीक रहा, लेकिन ऐन घर के सामने उस पर किसी ने हमला कर दिया. रेप के बाद उसे चाकू से गोदकर बुरी तरह से मारा गया. ये हमला लगभग 20 मिनट तक चलता रहा. इस दौरान लगभग 40 लोगों ने अपने घरों से सबकुछ देखा. रेप के दौरान 28 साल की युवती चीखती रही, लेकिन किसी ने भी मदद नहीं की. यहां तक कि पूरे 20 मिनट बाद पुलिस के पास पहला कॉल आया. तब तक किटी की हत्या हो चुकी थी.

### किया गया पहला प्रयोग

मीडिया ने पूरे मामले को जमकर रिपोर्ट किया. लोगों को लताड़ लगाते हुए डरे हुए लोगों की बीमारी को गेनोवीज सिंड्रोम नाम दे दिया. पूरे 4 साल बाद मनोवैज्ञानिकों ने इसपर पहला प्रयोग किया. इसमें कुछ लोगों को एक कमरे में बिठाकर इंतजार करने को कहा गया. थोड़ी देर बाद वहां धुआं भरने लगा. लोग खांसने लगे, लेकिन 38% के अलावा किसी ने भी शिकायत नहीं की कि कमरे में कोई दिक्कत है. दूसरे प्रयोग के दौरान लोगों को कमरे में अकेला रखते हुए धुआं छोड़ा गया. इस दौरान 75% लोगों ने स्मोक की शिकायत की.

### भीड़ होती है कमजोर और डरपोक

इसके बाद एक एक्सपेरिमेंट में एक महिला को खतरे में दिखाया गया. इस दौरान दिखा कि जब भी कोई घटना होती है, और भीड़ जमा हो जाए, तब हेल्प मिलने की संभावना 60 प्रतिशत तक कम हो जाती है. केवल 40 प्रतिशत लोग ही होते हैं, जो मदद ऑफर करें. वहीं अगर अकेला इंसान किसी को मुसीबत में देखे तो वो बहादुरी से हेल्प के लिए चला आता है.

### क्यों होता है ऐसा?

इसकी सबसे पहली वजह ये है कि भीड़ में कोई भी जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता. भीड़ हमेशा किसी दूसरे से उम्मीद करती है कि वो हादसे या हमले पर पहला रिएक्शन दे. ऐसे में सब एक-दूसरे का मुंह ही ताकते रह जाते हैं. दूसरी वजह ये है कि लोग खुद को ज्यादा सोशल और सभ्य दिखाना चाहते हैं. मान लो, सड़क पर कोई किसी पर हमला कर रहा हो और आप भी वहां पहुंच जाएं, तो बहुत मुमकिन है कि आप बाकी भीड़ के मुताबिक खुद भी चुपचाप तमाशा देखते रहें.

ऑब्जर्वर को लगता है कि जब मुझसे पहले से लोग यही कर रहे थे तो यही सही होगा. कई बार सड़क पर हो रहे हमले को लोग निजी मामला मानकर देखते रहते हैं.

न्यूयॉर्क की केटी नाम की युवती के रेप और हत्या को देख चुके 38 लोगों ने यही बयान दिया. उनका कहना था कि उन्होंने इसे प्रेमियों के बीच का मसला माना, और देखते रहे. यहां तक कि 20 मिनटों तक किसी को समझ ही नहीं आया और युवती की बर्बर हत्या हो गई.

### कैसे रोका जा सकता है बाईस्टैंडर इफेक्ट?

इस बारे में भुवनेश्वर, उड़ीसा की साइकोलॉजिस्ट स्वागतिका सामंतराय कहती हैं कि इस असर को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता, लेकिन कम जरूर कर सकते हैं. लोग अक्सर सड़क या गलियों में हो रहे हमलों को पर्सनल मानकर बीच में आने से बचते हैं. ऐसे में ये याद रखना होगा कि कितना भी पर्सनल मामला किसी के रेप या जान लेने या चोट पहुंचाने तक नहीं जा सकता. अगर ऐसा है तो दखल देना जरूरी है.

### ऐसे रख सकते हैं खुद को सेफ

हमलावर के हाथ में चाकू या पिस्टल है तो उससे सीधा भिड़ने की बजाए जोरों से चिल्लाने लगें. कई बार हमला करने वाला 'क्षणिक आवेश' में जान लेने की सोचने लगता है. ऐसे समय में अगर जोर की आवाज होगी, या लोग मदद के लिए चिल्लाएंगे तो हो सकता है कि ध्यान बंटे और वो इम्पल्स से बाहर आ जाए. लेकिन हर हाल में पुलिस को सबसे पहले कॉल करना जरूरी है ताकि समय रहते मदद मिल सके.

## Highlights

1. **ED arrests Abhishek Banerjee's aide in teachers' recruitment scam**
2. **Hair colour & heat can damage your hair, here's a solution: Minimalist**
3. **What can I do: WFI chief on wrestlers' decision to throw medals**
4. **20-year-old Indian student Asmi Jain wins Apple Swift Student Challenge**
5. **PM to launch BJP's month-long 'Maha Jansampark' campaign today**
6. **Man does push-ups on moving car in Gurugram, case filed after video surfaces**

# Theranos founder Elizabeth Holmes begins 11-year sentence in Texas prison over tech fraud

**NEW DElHI, (Agency).** Disgraced biotech star Elizabeth Holmes began serving her 11-year sentence for defrauding investors in a Texas prison on Tuesday.

The 39-year-old was seen arriving at the minimum-security federal prison for women inmates in Bryan, Texas near Houston.

She was ordered to begin serving prison time at the facility on Tuesday after a court denied her latest request to remain free while appealing her fraud conviction.

"We can confirm Elizabeth Holmes has arrived at the Federal Prison Camp Bryan... and is in the custody of the Federal Bureau of Prisons," the authority said in a brief statement.

Holmes became a star of Silicon Valley when she said her start-up was perfecting an easy-to-use test kit that could carry out a wide range of medical diagnostics with just a few drops of blood.



As founder of Theranos, Holmes became a tech celebrity, winning investments from top politicians and some of the world's richest people, including media baron Rupert Murdoch, Oracle founder Larry Ellison and pharmacy chain Walgreens.

Theranos also became famous for the notable figures sitting on its board of directors, including former top US government officials Henry Kissinger, George Shultz and Jim Mattis.

But the fortune of the Stanford University dropout flamed out after a Wall Street Journal investigation into the validity of the tests.

Holmes had a child shortly before her trial and has had a second since her conviction.

In addition to her prison sentence, she and former top Theranos executive Ramesh "Sunny" Balwani have been ordered to pay $452 million to the bilked investors.

Balwani was sentenced to nearly 13 years and is currently serving his time at a federal prison in California.

A federal judge recommended that Holmes serve her sentence at the all-female minimum security facility in Bryan, which is not far from where she grew up in Houston.

# Strong forex gains propel RBI's FY23 income to 2.35 lakh crore

**NEW DElHI, (Agency).** The Reserve Bank of India (RBI)'s income grew 47% to ₹2.35 lakh crore in fiscal 2023 on higher forex gains, up from ₹1.6 lakh crore in the previous year, its annual report released on Tuesday showed.

During the year, the central bank saw a 50% jump in gains from foreign exchange transactions, which



allowed it to transfer a larger-than-budgeted dividend of ₹87,416 crore to the government. The gains from foreign exchange transactions stood at ₹1.03 lakh crore at the end of financial year 2023.

The forex gains were on record currency sales of $213 billion, more than twice what the central bank sold in fiscal 2022. RBI's foreign currency sales, which more than doubled from the previous fiscal year in gross terms, are a crucial source of income for the central bank as it generates a profit on these sales.

RBI sold a lot of dollars in FY23 as it tried to bring down volatility in the rupee exchange rate following the turmoil that roiled global financial markets after Russia invaded Ukraine in February 2022. RBI's balance sheet increased by 2.5% to ₹63.45 lakh crore in FY23, up from ₹61.9 lakh crore in FY22.

Confidential Investigation & all type of Detective services

Successful Journey
Since 2002...

प्रतिस्पर्धा का समय है।
स्वार्थियों, घर के भेदियों से भर गया है समाज।
सावधान रहना है सब से।
निगाह रखनी है लोगो पर, घटनाओं पर, वातावरण पर
कहीं ऐसा तो नहीं...
कोई साँप आस्तीन में छुपा हो?
फूलों की सेज पर कुछ काँटे हों?
व्यक्तिगत/व्यापारिक जीवन में कोई छिद्र हो?
इस प्रकार की सभी व्यक्तिगत, व्यापारिक, राजनैतिक, कानूनी,
सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य... सबूत/प्रमाण हेतु
मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...

कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे...!

DETECTIVE GROUP ®

+91-91110 50101

पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in

“ संपूर्ण विश्व हमारी सीमा में हैं ”

# पुणे का बदमाश चोरी करते पकड़ाया

## महाकाल के दर्शन कर वारदात करने आया था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुणे से इंदौर आया बदमाश पहले बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन गया और फिर वहां से लौट कर इंदौर में चोरी की। फ्लैट में चोरी करने के बाद भागते हुए उसे फ्लैट मालिक ने देख लिया और वो पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से चुराए हुए सोने के जेवर जब्त कर लिए है साथ ही उससे पूछताछ की जा रही है।**

तिलक नगर थाना पुलिस के मुताबिक फरियादी अनीता पति राजेंद्र डोसी उम्र 55 साल निवासी फ्लैट नंबर 308 आदिनाथ अपार्टमैंट लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स गोयल नगर इंदौर है। फरियादी प्राइवेट टीचर है। घटना 29 मई की दोपहर करीब 2.30 बजे की है। अपार्टमैंट में फरियादी के दो फ्लैट है। दूसरे फ्लैट से फरियादी ने अपने पहले फ्लैट में देखा कि एक बदमाश खिड़की से कूद कर भाग रहा है।

इस पर फ्लैट पर आकर देखा तो गेट का ताला टूटा था और अंदर से लॉक था। अनीता चोर-चोर कहकर जोर से चिल्लाई। ये सुन बदमाश नीचे सड़क पर कूदा और रोड पार कर भागने लगा। चिल्लाने की आवाज सुन नीचे खड़े लोग और अन्य मामले में जांच करने गए पुलिसकर्मी वहां मौजूद थे, उन्होंने उसे पकड़ लिया और थाने लेकर आ गए। आरोपी का नाम राजू पिता शंभू अनिल देव नाथ उम्र 23 साल निवासी फ्लैट नंबर 602 बिल्डिंग नंबर 505 मौर्या हाउसिंग सोसाइटी चापेकर चौक चिंचवड पूना महाराष्ट्र है।

बाद में पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वो शुक्रवार को पुणे से घूमने के लिए इंदौर के लिए निकला था। पहले वो उज्जैन महाकाल दर्शन करने गया और वहां से सोमवार को लौटने के बाद उसने फ्लैट में चोरी की। आरोपी के पास से चोरी का माल पुलिस ने जब्त कर लिया है। जिसमें सोने का 4 चूड़ी, सोने का एक मंगलसूत्र, सोने का एक रानी हार, सोने की दो अंगूठी, एक जोड़ी सोने के कान के टॉप्स शामिल है।

मंगलवार को उसका मेडिकल करवाया गया। उससे पूछताछ की जा रही है। अपार्टमैंट के चौकीदार का कहना है कि वो खाना खाने गया था, इस बीच बदमाश फ्लैट में घुस गया। अपार्टमैंट में कैमरे लगे हुए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज निकाल रही है। साथ ही ये भी पता लगाया जा रहा है कि आरोपी का पुणे में कोई आपराधिक रिकॉर्ड तो नहीं है। पुलिस अधिकारियों की माने तो आरोपी संभवतः नशे का आदि है और नशे के लिए उसकी चोरी की। पुलिस की पूछताछ में ये बात सामने आई है कि आरोपी पहली बार ही इंदौर आया था। पुणे में मजदूरी का काम करता था।

### फ्लैट नंबर 201 में भी की चोरी

आरोपी राजू ने आदिनाथ अपार्टमैंट में ही फ्लैट नंबर 201 में भी चोरी की थी। पहले उसने 201 में हाथ साफ किया फिर वो फ्लैट नंबर 308 में घुसा। 201 में रहने वाले शैलेंद्र प्राइवेट जॉब करते है। परिवार बाहर गया है। रात को जब वो वापस लौटे तो उन्हें पता चला की चोरी हो गई है। आरोपी के पास से उनके यहां चुराया गया माल भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

# लोगों से ठगी करने वाले दंपति गिरफ्तार

## पुलिस से बचने के लिए नाम बदलकर रह रहे थे मुंबई में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लैट गिरवी रखने के नाम पर लोगों से लाखों रूपए की ठगी कर फरार होने वाले दंपति को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिर तार कर लिया है। आरोपी दंपत्ति पुलिस से बचने के लिए मुंबई में नाम बदलकर रह रहे थे लेकिन इसके बावजूद भी वह पुलिस के हत्थे चढ गए।

फरियादी डाक्टर दीपक गवली ने पुलिस उपायुक्त क्राइम ब्रांच को कुछ समय पहले शिकायत की थी कि अरोपी अजय उर्फ अमन सिंह निवासी सार्थक विहार और उसकी पत्नी द्वारा लैट गिरवी रखने के नाम पर अमन सिंह ने लैट की कूट रचित रजिस्ट्री देकर उससे पांच लाख रूपए ले लिए और दोनों पति पत्नी रूपए लेने के बाद से ही फरार चल रहे हैं। इस पर पुलिस ने ठगोरे दंपत्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी खोजबीन शुरू की। इस बीच जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दंपत्ति ने दीपक गवली के अलावा भी सुरेश मेवाडा निवासी पालदा, आकाश गोरे निवासी शिवाजी नगर, रविकांत से भी लैट गिरवी रखने के नाम पर लाखों रूपए ऐंठ लिए और फिर फरार हो गए। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की तो पता चला कि आरोपी तीन चार दिन से मुंबई में रूके हुए हैं इस पर एक टीम वह पर भेजी गई और टीम ने रैकी कर दोनों को गिर तर कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने ठगी करना स्वीकर करते हुए बताया कि शेयर बाजार में काफी पैसा हार जाने के बाद उन्होंने इस तरह से लोगों को मूर्ख बनाने की योजना बनाई थी तथा उसी आधार पर लोगों से पैसा लिया है। पुलिस को आशंका है कि जो नाम सामने आए हैं उसके अलावा भी अन्य लोगों से भी दंपत्ति ने ठगी की है पुलिस अब इनसे अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# रुपयों के लेनदेन में गोली चली, महिला के पैर में लगी

## ● जिससे चल रहा था विवाद,उसे फंसाने पुलिस को दी झूठी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम रुपयों के लेनदेने के विवाद में गोली चल गई, जो महिला के पैर में लगी। इसके बाद महिला थाने पहुंची और पुलिस को झूठी जानकारी दी कि उसे जिससे रुपए लेना था उसने गोली मारी है। जब पुलिस ने मामले में जांच की तो सच्चाई सामने आ गई।**

थाना प्रभारी इंद्रेश त्रिपाठी के अनुसार घटना नूरानी नगर की है। अलीशा निवासी चंदर नगर का अंशु पिता रशीद से पांच हजार रुपये का लेनदेन था। इसके लिए अंशु दो दिन पहले अलीशा के पास पैसे लेने गया था। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ था। पैसे नहीं मिलने पर अंशु अलीशा का मोबाइल लेकर आ गया था और कहकर आया था कि पैसे दे जाना और मोबाइल ले जाना। अलीशा मंगलवार को अंशु के घर मोइन और मोहम्मद को लेकर मारने के लिए पहुंची। जैसे ही अंशु इनके पास आया तो उस पर हमला कर दिया।

इस बीच मोइन ने अंशु के ऊपर गोली चलाई, लेकिन वह अलीशा के पैर में जा लगी। इसके बाद वह अंशु के ऊपर गोली चलाने का आरोप लगाते हुए थाने आई, लेकिन जब पूछताछ की तो घटना सामने आई। पुलिस ने अलीशा और दो अन्य साथियों के खिलाफ 307 की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। महिला का पति इमरान उर्फ खोपरा अभी जेल में बंद है। वह ड्रग पैडलर शाकिर चाचा से जुड़ा हुआ था।

## मोबाइल लूटने वाला आरोपी पकडाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मोबाइव फोन लूटकर भाग रहे आरोपी को लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना भंवरकुंआ थाना क्षेत्र की है। पकड़े गए आरोपी का नाम फैजान पठान पिता इरफान पठान (18) निवासी भिश्ती मोहल्ला सदरबाजार है। पुलिस के मुताबिक वारदात फरियादी विवेक पिता दुलीचंद बिरला निवासी संत नगर खंडवा नाका के साथ हुई। घटना उसके साथ उस समय हुई जह वह पैदल मोबाइल पर बात करते हुए एबी रोड से जा रहा था। तभी आरोपी ने पीछे से आकर उसका मोबाइल छीन लिया। फरियादी ने बताया कि वारदात होते ही मैं चिल्लाया और दौड़कर आसपास के लोगों की मदद से आरोपी को पकड़ लिया।

## संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मूसाखेड़ी में रहने वाले एक युवक का शव संदिग्ध हालत में मिला है। उसके परिजन ने हत्या की शंका जताई है इधर पुलिस का कहना है कि जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक मूसाखेड़ी क्षेत्र में ही एक लोहे के टैंक के ऊपर शव मिला था। जिसकी पहचान धर्मेंद्र की रूप में हुई। धर्मेंद्र की स्कूल की छुट्टियां चल रही हैं। वह ढोल बजाने और टाइल्स लगाने का भी काम करता था। मामा करण का आरोप है कि उसकी किसी ने हत्या की है। उन्होंने बताया कि रात को वह तैयार होकर निकला था सुबह उसका शव मिला उसकी जेब से डायरी मिली है जिसमें कई लोगों के नंबर हैं। आजाद नगर पुलिस ने धर्मेंद्र का पीएम करवाया और शव परिजनों को सौंप दिया। पीएम रिपोर्ट आने तके बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

## मां को बेटे ने पीट दिया

**इंदौर।** मां को एक बेटे ने इतना मजबूर कर दिया कि उसे पुलिस की शरण लेना पडी। लसूडिया पुलिस को फरियादी अनिता साहू निवासी स्कीम नं. 78 ने शिकायत दर्ज करवाई कि जब बड़ा बेटा चेतन ने छोटे बेटे कार्तिक के लिए पूछा कि वह कहां गया तब मां ने उसे बताया कि वह मामा-मामी के साथ गया है। चेतन को यह बात रास नहीं आई और गुस्से में उसने घर के सामान को नुकसान पहुंचाया । जब मां ने उसे मना किया और समझाया तो चेतन ने मां अनिता को पीट दिया। बीचबचाव करने आए छोटे बेटे कार्तिक के साथ भी मारपीट की जिससे उसे चोट लगी।

## शराब के पैसे नहीं दिए तो पीटा

**इंदौर।** विजय नगर पुलिस को रोहित पिता किशोर गोलकर निवासी देवगुराडिया ने शिकायत दर्ज करवाई कि जब वह अपनी मौसी के चित्रा नगर स्थित घर पर पहुंचा तो मौसी के दामाद रजत उर्फ वैभव बुंदेला भी वहां मौजूद था। रजत ने रोहित से शराब पीने के लिए पैसे मांगे तो जब उसने पैसे देने से मना किया तो उसे पीट दिया।

## युवती से मारपीट

**इंदौर।** निमार्णाधीन स्कूल भवन के नीचे से जा रही युवत पर ऊपर से पानी गिरने पर जब उसने आपत्ति ली तो आरोपी ने उसे जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। थाना एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घटना परिहार कालोनी में हुई। फरियादी सिमरन मकासरे निवासी धर्मराज कालोनी की शिकायत पर आरोपी करण और अजयसिंह के खिलाफ केस दर्ज किया गया। युवती ने बताया कि वह परिहार कालोनी में अजय पब्लिक स्कूल के पास पहुंची तभी ऊपर से पानी मेरे ऊपर गिरा। मैंने ऊपर देखा तो एक लड़का तरी करते दिखा। इस पर मैंने उसे पानी डालने से मना किया तो वह मुझे गालियां देने लगा मैं उसे व परिजनों को समझाने के लिए स्कूल के ऊपर चढी तो एक लड़का और एक अधेड़ उम्र का आदमी दिखा। मैंने गालियां देने से मना किया तो वह लड़का मुझसे बोला कि आज तो तू यंहा पर आ गई है अगर आज के बाद आई तो जान से खत्म कर दूंगा। उसने मुझे पीटा और दोनों आरोपी मारपीट करते हुए मुझे नीचे लाए।

## सालों बाद पकड़ाया इनामी बदमाश

**इंदौर।** कोर्ट में पुलिसकर्मियों को चदमा देकर फरार हुआ बदमाश 10 साल बाद पुलिस के हाथ लग गया। उस पर इनाम भी घोषित था। इंदौर जीआरपी के अनुसार गाडरी मोहल्ला ब्यावरा राजगढ निवासी पुरूषोत्तम उर्फ बंसी पिता रमेश को पुलिस ने वर्षों पूर्व रेलवे स्टेशन पर चाकू लेकर घूमते पकड़ा था। जब उसे कोर्ट में पेश किया था तो एक पुलिसकर्मी को धक्का देकर भाग गया था। पुलिस ने उस पर एक हजार का ईनाम भी घोषित किया था। बताया जा रहा है कि बदमाश गांधी हाल के पास घूम रहा था तभी जीआरपी के एक जवान ने उसे पकड़कर थाने भिजवाया।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT
समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।